## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 05.11.25** **समय : 07.10 pm**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कल होगा मतदान।
- मुख्यमंत्री ने कहा– किसानों को की जायेगी निर्बाध 10 घंटे बिजली आपूर्ति ।
- गुरूनानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा पर आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में उत्तरभारत में बर्फबारी के चलते प्रदेश में ठंड बढ़ने की संभावना जताई।
-

**अब समाचार विस्तार से:–**

**बिहार – पहला चरण मतदान**

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कल 18 जिलों के 121 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस चरण में कुल एक हजार तीन सौ 14 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 3 करोड़ 75 लाख से अधिक मतदाता करेंगे। इनमें 122 महिला उम्मीदवार भी शामिल हैं। सभी मतदान केंद्रों पर राज्य पुलिस के साथ–साथ केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।

**मुख्यमंत्री किसान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कहा कि किसानों के कल्याण के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को हर हाल में 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस सर्क्यूलर को लेकर जनसामान्य में गलतफहमी पैदा हुई है, उस विवादित सर्क्यूलर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में संवेदनशील और किसान हितैषी सरकार ने किसानों के समग्र उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

**जितेंद्र सिंह – डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र**

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली में चौथे राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान के शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के 25 लाख से अधिक लोगों ने अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने के लिए चेहरा पहचान प्रणाली–फेस ऑथेंटिकेशन अपनाई है। डॉ. सिंह ने कहा कि इस पहल को मंगोलिया और मालदीव सहित कई देशों ने सराहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान इस महीने के अंत तक चलेगा। श्री सिंह ने इस अभियान पर एक पुस्तिका और लघु फिल्म का विमोचन भी किया।

**हरित हाइड्रोजन–सम्मेलन**

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय 11 और 12 नवंबर को नई दिल्ली में हरित हाइड्रोजन–2025 पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। सम्मेलन का उद्देश्य हरित हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ाने, बुनियादी ढांचे को सक्षम बनाने, मांग सृजन और वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करने के व्यावहारिक तरीकों पर ज्ञान का प्रसार करना है।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ–साथ विभिन्न मंत्रालयों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों के वरिष्ठ प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

## उपराष्ट्रपति-एयर शो

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने आज छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम के उत्कृष्ट एयर शो का अवलोकन किया। कौशल और सटीकता के इस अद्भुत प्रदर्शन ने देशभक्ति का माहौल पैदा किया। यह छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव समारोह के अंतर्गत राज्य के गठन की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया।

## प्रकाश पर्व

सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी का 556वाँ प्रकाश गुरुपर्व आज धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर गुरुद्वारों में अखंड पाठ, कीर्तन दरबार और लंगर जैसे आयोजन किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के अरेरा कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर जिला मुख्यालय स्थित गुरुद्वारा में आयोजित लंगर कार्यक्रम में शामिल हुए। वही शिवपुरी सहित अन्य जिलों में गुरूनानक जयंती पर गुरूद्वारों में अरदास की गई तथा विशेष पाठ के साथ कीर्तन हुए।

## कार्तिक पूर्णिमा/देव दीपावली

आज कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली–दीपोत्सव मनाया जा रहा है। कार्तिक पूर्णिमा की सुबह श्रद्धालू पवित्र जलाशयों में स्नान कर पूजा अर्चना करते हैं। गोधूलि बेला में घरों, मंदिरों और जलाशयों के घाटों पर दीये जलाकर दीपदान किया जाता है।

इस अवसर पर प्रदेशभर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा–अर्चना कर रहे हैं। खंडवा सहित अन्य जिलों में भी कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालु जलाशयों में स्नान कर पूजा अर्चना और दीपदान कर रहे हैं।

## जीएसटी बचत उत्सव

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से नागालैंण्ड की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है। पैश है एक रिपोर्ट–

## समाधान योजना

प्रदेश सरकार ने समाधान योजना में 3 माह से अधिक के बिजली बिल बकायादारों के लिए योजना शुरू करके एक बड़ी सौगात दी है। इस योजना के तहत अब तक कंपनी कार्यक्षेत्र में 1366 से अधिक उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है। साथ ही लगभग 02 करोड़ 70 लाख रुपए की मूलधन राशि कंपनी के खाते में जमा कराई है। इसमें लगभग 01 करोड़ 53 लाख रूपए सरचार्ज माफ किया गया है। कंपनी के प्रबंध संचालक ने कंपनी के बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं।

**मौसम**

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान छिंदवाड़ा, सिवनी सहित कुछ जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, फिलहाल मध्य प्रदेश के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम सक्रिय है, जिसके कारण कुछ जिलों में बारिश की संभावना बनी हुई है। साथ ही, एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हो रहा है, जो अगले कुछ दिनों में हिमालयी क्षेत्र तक पहुंच सकता है। इससे उत्तर भारत में बर्फबारी और ठंड दोनों बढ़ने की उम्मीद है। इसके प्रभाव से मध्यप्रदेश में भी तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में –**

- **गुना जिले में कैंसर रोग की प्रारंभिक पहचान एवं उपचार संबंधी परामर्श के लिए कल स्थानीय रेडक्रॉस भवन में नि:शुल्क कैंसर परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।**
- नर्मदापुरम के एक निजी स्कूल में कानून की पाठशाला आयोजित की गई। इस दौरान करीब 100 से अधिक छात्राओं को पुलिस द्वारा बेड टच, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट और साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी गई।
- जबलपुर में नौवीं कक्षा की दो छात्राओं की वॉटरफॉल में डूबने से मृत्यु हो गई।
- छिंदवाड़ा कलेक्टर के निर्देश पर गठित निरीक्षण दल ने तीन मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। इनसे चिन्हित दवाईयों का रिकार्ड तलब किया गया है।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने आज मोरझरी स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया ।
- खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा देवास में जिला स्तरीय "युवा उत्सव" का आयोजन 8 नवम्बर को होगा। इस उत्सव में विभिन्न विधाओं लोकगीत , लोकनृत्य, भाषण, कहानी लेखन,पेंटिंग, कविता लेखन और विज्ञान मेला प्रदर्शनी का आयोजन होगा।
- युवाओ के लिए रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगरमालवा में 7 नवम्बर, को युवा संगम का आयोजन किया जाएगा।

..................................